राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 15 नवम्बर । देश में बेकाबू होती महँगाई एवं रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के विरोध में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे जन जागरण अभियान के तहत् प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा प्रभात फेरी का आयोजन कर केन्द्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के विरोध में प्रदर्शन किया गया।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर प्रदेश में सप्ताहभर चलने वाले जन जागरण अभियान के अन्तर्गत दिनांक 16 नवम्बर, 2021 को ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों द्वारा पदयात्राओं का आयोजन होगा तथा 17 नवम्बर, 2021 को ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों द्वारा अपने-अपने ब्लॉक क्षेत्रों में प्रभात फेरियाँ आयोजित की जाएगी। दिनांक 18 नवम्बर, 2021 को ग्राम पंचायत स्तर पर पदयात्राओं का आयोजन होगा तथा 19 नवम्बर, 2021 को ग्राम पंचायत स्तर पर सभी कांग्रेसजन प्रभात फेरियों का आयोजन करेंगे। दिनांक 20 नवम्बर, 2021 को वार्ड एवं बूथ स्तर पर पदयात्राओं का आयोजन होगा।

इन कार्यक्रमों में क्षेत्र में निवासरत प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, सांसद/प्रत्याशी, पूर्व सांसद, विधायक/प्रत्याशी, पूर्व विधायक, एआईसीसी व प्रदेश कांग्रेस सदस्य, नगर निकाय एवं पंचायत राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधिगण, अग्रिम संगठनों एवं प्रकोष्ठ/विभागों के पदाधिकारीगण सहित सभी कांग्रेसजन भाग लेंगे।

Created by Universal Document Converter